# दमुआ नगर परिषद में गुणवत्ता की कब्र पर खड़ा विकास




# ग्रीन स्पेस पार्क नहीं भ्रष्टाचार का ग्रीन सिग्नल!



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ/छिंदवाड़ा (मनीष गड़करी)

नगरपालिका परिषद दमुआ द्वारा शहरवासियों के लिए बनाए गए ग्रीन स्पेस पार्क का सच अब पूरी तरह सामने आ चुका है। कागजों में हरियाली, जमीन पर बदहाली यह पार्क अब जनसुविधा नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का अड्डा बनकर रह गया है। गुणवत्ता विहीन निर्माण, नियमों की अनदेखी और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने पूरे प्रोजेक्ट को संदेह के घेरे में ला खड़ा किया है। इस संबंध में हरिभूमि ने 4 जनवरी को खबर प्रकाशित की थी।

## लाखों खर्च, हरियाली गायब

ग्रीन स्पेस पार्क के नाम पर लाखों रुपये की राशि खर्च की गई, लेकिन मौके पर न हरियाली दिखती है, न रखरखाव। पार्क की जमीन जगह-जगह से धंसी हुई है, निर्माण कार्य अधूरा और घटिया नजर आ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में भारी घोटाला किया गया, जिसकी पोल अब खुल रही है।


हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

जबलपुर, रविवार, जनवरी 04, 2026

नगरपालिका परिषद दमुआ में ग्रीन स्पेस पार्क की गुणवत्ताहीन कार्य की खुली पोल

ग्रीन स्पेस पार्क या भ्रष्टाचार का अड्डा

कागजों में विकास जमीन पर अव्यवस्था

ठेकेदार, अधिकारी और व्यवस्थापक पर है मनमानी का आरोप

पारदर्शिता पर सवाल

सवाल कुछ चुभते हुए

पार्क की जगह को बदलने का व्यवस्थापक पर है आरोप



## कार्य में अनियमितता, सामग्री में घालमेल

स्थानीय लोगों के अनुसार घटिया सीमेंट और निर्माण सामग्री का उपयोग पेड़-पौधों, गार्डन, लाइट और सुविधाओं में भारी कटौती डिजाइन के अनुसार काम न होना निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति इन सबने यह साफ कर दिया है कि ग्रीन स्पेस पार्क का निर्माण नियमों के अनुसार नहीं, बल्कि सुविधा अनुसार कराया गया।

## जवाबदेही से बचते अधिकारी

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस निर्माण की तकनीकी स्वीकृति किसने दी? गुणवत्ता की जांच किस स्तर पर की गई? भुगतान से पहले भौतिक सत्यापन क्यों नहीं हुआ? नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी सवालों से बचते नजर आ रहे हैं, जिससे संदेह और गहराता जा रहा है कि मामले में ऊपर तक मिलीभगत है।

## विकास के नाम पर विश्वासघात

ग्रीन स्पेस पार्क जैसे प्रोजेक्ट का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाना होता है, लेकिन दमुआ में यह योजना जनहित से भटककर भ्रष्टाचार का उदाहरण बन गई है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह पार्क आने वाले समय में नगर परिषद की नाकामी का स्थायी स्मारक बन जाएगा। अब सवाल साफ है क्या दमुआ नगर परिषद इस घोटाले पर कार्रवाई करेगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाएगा।

## नागरिकों में रोष, जांच की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने मांग की है कि पूरे ग्रीन स्पेस पार्क निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए। दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो खर्च की गई राशि का ऑडिट सार्वजनिक किया जाए।

# शासकीय महाविद्यालय दमुआ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान आधारित मॉडलों की प्रभावशाली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता, नवाचार एवं वैज्ञानिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विज्ञान प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, आधुनिक तकनीक, स्वास्थ्य एवं दैनिक जीवन से जुड़े वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों के माध्यम से विषयवस्तु की व्याख्या करते हुए उनके व्यावहारिक उपयोग और सामाजिक महत्व को भी स्पष्ट किया।इस अवसर पर पी.एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर मॉडलों की जानकारी प्राप्त की तथा वैज्ञानिक प्रयोगों के प्रति उत्सुकता दिखाई।कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विज्ञान संकाय के शिक्षक श्री वैभव पाटिल, श्रीमती कंचन चंद्रवंशी एवं श्रीमती इंद्रा पाटिल का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शोध प्रवृत्ति एवं समस्या समाधान की क्षमता का विकास करती हैं।बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता से विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम सफल रहा।

# नन्हे खिलाड़ियों के साथ पालकों ने भी दिखाया दम



**सौंसर।** स्थानीय संस्कार पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय 'वार्षिक खेल महोत्सव-2025' का उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। खेल के पहले दिन जहाँ नन्हे-मुन्ने बच्चों की खेल प्रतिभा निखरी, वहीं पालकों के लिए आयोजित विशेष प्रतियोगिताओं ने आयोजन में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती सुरेखा डागा अध्यक्षा, नगर पालिका सौसर भास्कर गावंडे बी.ई.ओ के द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती डॉ. प्रमिला येमदे, संस्था संचालक श्री चित्रसेन रबडे उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में खेलों के महत्व को रेखांकित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।संस्था संचालक श्री रबड़े ने बताया कि संस्था अध्यापन के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर वर्ष भर विभिन्न कार्यक्रमो के साथ खेलकूद प्रतियोगिता कैरियर गाइडेंस आदि के आयोजन किए जाते हैं। महोत्सव के प्रथम चरण में नर्सरी से कक्षा पहली तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल स्पर्धाएँ आयोजित की गईं।

# डॉक्टरों की 'शिफ्ट-मैनेजमेंट' स्किल से मरीज बेहाल

## कलेक्टर निरीक्षण में सिविल अस्पताल से 8 डॉक्टर नदारद, कार्रवाई के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा




आज सुबह ठीक 9 बजे कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के अचानक सिविल अस्पताल पांढुर्णा पहुंचते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि ड्यूटी समय में अस्पताल में मात्र 3 डॉक्टर ही उपस्थित थे, जबकि 8 डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी से नदारद पाए गए। कलेक्टर ने अस्पताल के अधिकांश विभागों का गहन निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी।

गौरतलब है कि सिविल अस्पताल पांढुर्णा में डॉक्टरों की अनुपस्थिति की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं। स्थानीय मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि यहां अक्सर 4-5 डॉक्टर ही नजर आते हैं, जबकि शेष डॉक्टर ड्यूटी से गायब रहते हैं।

खास बात यह है कि डॉक्टरों के बीच आपसी तालमेल इतना मजबूत है कि ड्यूटी पर मौजूद चेहरों में भले ही बदलाव होता रहे, लेकिन अस्पताल में उपस्थित डॉक्टरों की संख्या लगभग हमेशा एक सी प्रतीत होती है।

सूत्रों के अनुसार, जब पहले से मौजूद डॉक्टरों में से कुछ को गैरहाजिर होना होता है, तो पहले से अनुपस्थित डॉक्टरों में से ही कुछ अचानक ड्यूटी पर आ जाते हैं। इस तरह मरीजों को दिखाने के लिए डॉक्टर तो नजर आते हैं, लेकिन अधिकांश डॉक्टर पूरे समय ड्यूटी नहीं करते और आपसी सामंजस्य बनाकर लंबे समय तक गैरहाजिर रहते हैं।

इसका सीधा असर इलाज की गुणवत्ता और मरीजों की परेशानी पर पड़ रहा है। औचक निरीक्षण के दौरान इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर करते हुए कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने डॉक्टरों को समय पर ड्यूटी निभाने की सख्त चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ड्यूटी में कोताही पाए जाने पर संबंधित डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर की इस कार्रवाई के बाद अस्पताल प्रशासन में खलबली मची हुई है, वहीं मरीजों और आमजन को उम्मीद है कि अब सिविल अस्पताल में नियमित रूप से डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित होगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिलेगा।

# हिंदू सम्मेलन के पूर्व ही समिति ने तामिया नगर को भगवा रंग से सजाया

**तामिया।** आज तामिया नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 22 जनवरी दिन गुरुवार को माता मंदिर के पीछे आयोजित होगा जिसके लिए हिंदू सम्मेलन की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं!कार्यक्रम स्थल को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है! जहां पर यह सम्मेलन आयोजित होगा हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज की एकजुट को मजबूत करना है!यह सम्मेलन समाज बंधुओ की सनातन के प्रति अगाध निष्ठा समर्पण एवं प्रेम की भावना को प्रकट करने का सशक्त माध्यम सम्मेलन में विद्यमान भक्तों के प्रेरक संबोधन के माध्यम से इस दिशा में उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा साथ ही! सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनुपम छटा भी आयोजन स्थल पर बिखरेगी इसके उपरांत आयोजित सामूहिक नगर भोज एवं भंडारा सामाजिक समरसता एवं सामाजिक एकता के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा! इसी भाव के साथ हिंदू सम्मेलन समिति तामिया ने समस्त नगर वासियो से शह परिवार सम्मेलन में पधारने तथा हिंदू सम्मेलन को सफल व सार्थक बनाने हेतु अपने दायित्वों का निर्माण करने की अपेक्षा हिंदू सम्मेलन समिति ने की है! इस सम्मेलन के लिए हिंदू सम्मेलन समिति ने पूरे नगर को केसरिया रंग के झंडे से रंग दिया है!तामिया नगर पूरा भगवा मय नजर आ रहा है! एवं प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है! सम्मेलन की शुरुआत ब्लॉक कॉलोनी से प्रारंभ होगी कई अलग-अलग समाज के नागरिकों द्वारा इस रैली में झांकियां निकाली जाएगी जो आकर्षण का केंद्र रहेगी वहीं सम्मेलन समिति ने बाहर से झांकी बुलाई गई है!जो आकर्षण का केंद्र रहेगी इस तरह आज होने वाला हिंदू सम्मेलन भव्य एवं विशाल बनाने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है!



# कलेक्टर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुधार के निर्देश

**पांढुर्णा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आज कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने की जिसमें पुलिस अधीक्षक सुन्दर सिंह कनेश, अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, यातायात परिवहन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर एवं पांढुर्णा, यातायात कंट्रोल पांढुर्णा, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा सड़क सुरक्षा समिति के सचिव व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व बैठकों में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदनों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभागीय अधिकारियों से अद्यतन जानकारी ली गई। इस दौरान एनएचएआई नागपुर इकाई को मोही घाट के दीर्घकालिक (लॉन्ग टर्म) सुधार कार्यों की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही केंद्रीय विद्यालय जाने वाले मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग में अंडरपास निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए गए।

## कचरा नाफेड़ को दुरुस्त करने एवं ग्रामीण को कचरा डालने हेतु शीघ्र करना होगा नव निर्माण

# पंचायत के अघोषित ठेकेदार ने किया स्वच्छता मिशन के नाडेफ को क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया जनपद पंचायत के सेक्टर देलाखारी की ग्राम पंचायत कुर्सी ढाना के ग्राम डीबूढाना में बना स्टाफ डेम पंचायत द्वारा ठेके पर दिए जाने की पुष्टि ग्रामीण करते हैं क्योंकि अनावश्यक रूप से सिर्फ सरकारी राशि खर्च करने के उद्देश्य बनाये गये इस स्टाप डेम में स्वच्छता को भी हानी ठेकेदार द्वारा पहुंचाई गई है उसी का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि स्टॉप डेम बनाने वाले पंचायत के अघोषित ठेकेदार ने स्वच्छता के उद्देश्य से बना वर्षों पुराना नाडेफ तोड़ दिया है। ग्रामीण बतलाते हैं कि रेत गिट्टी ला रहे ट्रक ने यह नाडेफ तोड़ा है जिससे अब इस मोहल्ले के लोगों के सामने कचरा डालने की समस्या खड़ी हो गई है और वह मजबूरन नदी नालों में कचरा फेंकने मजबूर हैं जिससे स्वच्छता अभियान का यह नडेफ तोड़ना सीधा-सीधा माखोल उड़ाने जैसा कार्य अघोषित ठेकेदार द्वारा किया गया है, वहीं पंचायत की लापरवाही भी इस गंभीर मामले में साफ देखने मिल रही है। लगभग दो महा पूर्व टूटा यह नाफेड का ना तो कचरा ऊठाया गया है और ना इसका पुनर्निर्माण कराया गया जिससे पता चलता है। ग्राम पंचायत स्वच्छता अभियान के प्रति कितने जिम्मेदार है। यहां पर साफ देखी जा सकती है, वहीं ये ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है, इसलिए ग्रामीणों ने मांग कि है। शीघ्र ही नाफेड़ को साफ करवा कर इसका पुनर्निर्माण कराया जावे जिससे लोगों को कचरा डालने में सुविधा हो और स्वच्छता अभियान का उद्देश्य पूरा हो सके इस और ग्राम पंचायत को शीघ्र कदम उठाने होंगे, वहीं क्षतिग्रस्त करने वाले ठेकेदार से क्यों ना यह राशि वसूल की जावे। अब इस सुरक्षा अभियान के लिए बनाए गए कचरा नाफेड़ को दुरुस्त करने एवं ग्रामीण को कचरा डालने हेतु का नव निर्माण शीघ्र करना होगा।

## फॉरेस्ट विभाग हाय हाय खेल मैदान खाली करो के लगाए नारे

# फॉरेस्ट विभाग द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण के विरोध में छात्र उतरे मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

फॉरेस्ट विभाग द्वारा वर्तमान में वन भूमि में फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव परिसर से सटकर वन विभाग द्वारा किए जा रहे हैं फेंसिंग निर्माण कार्य का विरोध विद्यार्थियों ने बुधवार को जमकर किया। विद्यार्थियों का कहना है कि फॉरेस्ट विभाग द्वारा जिस स्थान पर फेंसिंग का कार्य किया जा रहा है वह महाविद्यालय की है और उसे स्थान पर खेल मैदान प्रस्तावित है विद्यार्थियों ने खेल मैदान खाली करो वन विभाग है-है के नारे भी लगाए।



### 50-60 विद्यार्थी हुए एकत्रित काम को रोका

महाविद्यालय की भूमि पर निर्माण कार्य होता देख महाविद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थी इसका विरोध करने मौका स्थल पर पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की किंतु जब वन विभाग के अधिकारी नहीं माने तब 50 से 60 विद्यार्थी एकजुट हो गए और कार्य का विरोध करने लगे वही महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर, प्रोफेसर रोड वाडिवा, प्रोफेसर मनोज मालवीय, एनसीसी अधिकारी मोहम्मद आबिद, खेल अधिकारी नीरज पाल द्वारा विद्यार्थियों को समझाइश दी गई जिसके बाद काम रोके जाने के उपरांत विद्यार्थी शांत हुए। इसके पूर्व विद्यार्थी वन विभाग हाय हाय कॉलेज की भूमि खाली करो के नारे लगाते रहे।

### इनका कहना है

वन विभाग द्वारा महाविद्यालय की भूमि पर फेंसिंग लगाई जा रही है जिसे लगभग तीन दिन पूर्व रोका गया था और भूमि सीमांकन हेतु तहसीलदार जुन्नारदेव को पत्र भी प्रेषित किया गया है किंतु वन विभाग द्वारा बिना सीमांकन के कार्य प्रारंभ कर दिया गया है इसके विरोध में विद्यार्थी सामने आए हैं।

डॉ एके टांडेकर
प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव

# वर्दी पहनने का सपना... लेकिन आधी-अधूरी ट्रेनिंग!

## 42 वर्षों से कॉलेजों में एनसीसी का इंतजार, सौंसर के कॉलेज में एनसीसी शुरू करने की मांग



**सौंसर।** क्षेत्र के युवाओं के दिलों में देश सेवा और 'फौजी' बनने की तमन्ना तो है, लेकिन उन्हें तराशने वाला कोई नहीं है। विडंबना यह है कि आजादी के बाद से अब तक सौंसर क्षेत्र के किसी भी शासकीय या निजी महाविद्यालय में एनसीसी (NCC) की यूनिट स्थापित नहीं हो पाई है। इसके चलते सैकड़ों छात्र-छात्राओं का सैन्य प्रशिक्षण लेने का सपना अधूरा रह रहा है।सिर्फ एक स्कूल के भरोसे एनसीसीसौंसर विकासखंड में कहने को तो 21 हाईस्कूल और 10 हायर सेकंडरी स्कूल संचालित हैं, लेकिन एनसीसी का प्रशिक्षण केवल नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय तक ही सीमित है। यहाँ 1975 में एनसीसी की स्थापना हुई थी, जहाँ वर्तमान में 8 कक्षा 9वीं और 10वीं के लगभग 100 छात्र छात्राये कैडेट्स दो वर्षीय कोर्स करते हैं। 2018 से यहाँ बालिकाओं के लिए भी एनसीसी की शुरुआत की गई है।

### कॉलेज पहुँचते ही टूट जाता है सिलसिला

हाईस्कूल में छात्रों को 'ए' सर्टिफिकेट मिलता है, जबकि 'बी' और 'सी' सर्टिफिकेट के लिए महाविद्यालय स्तर पर एनसीसी का होना अनिवार्य है। सौंसर के छात्र हाईस्कूल में प्राथमिक शिक्षा तो ले लेते हैं, लेकिन कॉलेज में यूनिट न होने से वे 'बी' और 'सी' सर्टिफिकेट से वंचित रह जाते हैं।

**अधूरी शिक्षा :** प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को राइफल चलाना, टेंट बनाना, फायरिंग और आपदा प्रबंधन जैसे उन्नत प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहे हैं।

**नौकरी में घाटाः** एनसीसी सर्टिफिकेट के माध्यम से सरकारी नौकरियों में मिलने वाले बोनस अंकों (5 नंबर तक) का लाभ यहाँ के युवाओं को नहीं मिल रहा है।

### जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, 42 साल से मांग लंबित

पूर्व सैनिक प्रदीप कलस्करपूर्व एनसीसी कैडेट ओर पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्कूल में कोर्स तो किया, लेकिन आगे की सुविधा न होने से उनकी शिक्षा अधूरी रह गई थी।क्षेत्र के विद्यार्थी पिछले 32 वर्षों से कॉलेजों में एनसीसी यूनिट की मांग कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस ओर कोई ठोस रुचि नहीं दिखाई है। जिसके कारण महाविद्यालय में मिलने वाला एनसीसी बोनस सर्टिफिकेट बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। क्षेत्र के बच्चे सेना में जाने के बाद अधिकारी बनने से वंचित रह रहे हैं। उत्कृष्ट विद्यालय में 1975 से बच्चों को देशभक्ति और अनुशासन सिखाया जा रहा है। कॉलेजों में भी एनसीसी होनी चाहिए ताकि छात्रों को पूर्ण प्रशिक्षण मिल सके।निष्कर्ष जहाँ एक ओर सरकार युवाओं को सेना से जोड़ने के लिए नई योजनाएं ला रही है, वहीं सौंसर जैसे क्षेत्रों में बुनियादी संसाधनों के अभाव में युवाओं का जोश ठंडा पड़ रहा है। अब देखना यह है कि क्या इस सत्र में शासन-प्रशासन युवाओं की इस पुरानी मांग पर ध्यान देता है या नहीं।

### आईव्हीओ मनाएगा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**सौंसर।** पूर्व सैनिकों के प्रतिष्ठित संगठन 'इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन' भारत, टीम सौंसर-छिंदवाड़ा द्वारा इस वर्ष भी आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती उत्साहपूर्वक मनाई जाएगी। आगामी शुक्रवार, 23 जनवरी को आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम देशभक्ति और सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा संगम होगा। 23 जनवरी को नेताजी की जयंती के साथ-साथ वसंत पंचमी का पावन पर्व भी है। इस अवसर पर टीम द्वारा विशेष आयोजन किए जा रहे हैं,जयंतीः दोपहर 1 बजे वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा।वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में 'नारी शक्ति' द्वारा पारंपरिक हल्दी-कुमकुम का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सैनिक परिवारों की महिलाएँ सम्मिलित होंगी।र

# मन के रथ में अच्छा मनोरथ रखे, जीवन सफल हो जाएगा : अतुल रामायणी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मन रूपी रथ में हमेशा सात्विक, धार्मिक, आचार-विचार को ही सहेज कर बिठाना चाहिए। रूखा हुआ व्यक्ति को परमात्मा को नही पायेगा। जिसका चित ही ठीक न हो मन अशांत हो ऐसा, जो मन से हमेशा बीमार हो, ऐसे आदमी को क्या भगवान मिलेगा। मुस्कुराने वाले व्यक्ति की पहले परमात्मा मिलते हैं।

उक्ताशय की बात बुधवार को अमरवाड़ा तहसील के गांव मरकावाड़ा में जारी श्री राम कथा में कथावाचक राष्ट्रीय कथा वाचक अतुल महाराज रामायणी श्रीधाम वृंदावन ने श्रद्धालुओं से कही। उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा मनुष्य को उत्तम जीवन जीने की कला सिखाती है। पूजा में भाव की महत्ता होती है। प्रभु भक्त के भाव को देखते हैं। यदि हम राम को पाना चाहते हैं, तो वे हमें अनुराग से प्राप्त होंगे। प्रभु की छवि को ही मन में बसाना होगा।

कथा आयोजन सेवक राम चंद्रवंशी ने बताया कि कथा का समापन 24 जनवरी को होगा। व रविवार 25 जनवरी को हवन पूर्ण आहुति एवं महाप्रसाद भंडारा का वितरण किया जाएगा।

# हिंदू सम्मेलन में दिखी हिंदू समाज की एकता

## हिंदू समाज के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं प्रेम भावना को एक मंच पर विद्वानों ने किया साझा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के नंदलाल सूद खेल परिसर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन बुधवार 21 जनवरी को किया गया। हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता समानता, भाईचारे की स्थापना, सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण में योगदान धार्मिक मूल्य एवं परंपराओं का सुदृढ़ीकरण करना था।

इस सम्मेलन के माध्यम से जुन्नारदेव क्षेत्र वासियों को संत महात्माओं का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्थानों की कलश यात्राएं, अनेकों धार्मिक मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी मातृशक्ति युवा बुजुर्ग और बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के पूर्व से ही पूरा शहर भगवा ध्वज पताका एवं रंग बिरंगी रोशनी से सजा दिया गया था। धर्म में वातावरण में हिंदू सम्मेलन

### ओजस्वी वक्ताओं ने दिए उद्बोधन

हिंदू सम्मेलन के दौरान ओजस्वी वक्ताओं द्वारा उद्बोधन दिए गए जिसमें पिपलानारायण बार के महंत वासुदेव नंद जी द्वारा सनातन हिंदू संस्कृति ही श्रेष्ठ संस्कृति निरूपित किया गया प्रांत प्रचार का राष्ट्रीय सेविका समिति की वसुंधरा दीदी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया साथ ही मात्र शक्तियों से अपने परिवार के बच्चों में संस्कार डालने की बात कही गई। सह प्रांत कार्यवाहक विनोद वर्मा द्वारा राष्ट्र की गरिमा और उत्थान के लिए हिंदू एकता के लिए समर्पण की बात कहते हुए हिंदू समाज को जाति और वर्गों में ना बढ़ाते हुए एक होने की बात कही गई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन राकेश जैन कार्यक्रम संयोजक द्वारा दिया गया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत समरसता भोज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा जिसमें थाना प्रभारी राकेश बघेल के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में नगर के पुरोहित, गणमान्य नागरिक, हिंदू धार्मिक संगठन के प्रमुख एवं नगर वासी सहित आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पंचायत भवन में लगा स्वास्थ्य शिविर, मुफ्त में मिली दवाइयां और उपचार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता, पोषण और बीमारियों की रोकथाम के बारे में शिक्षित करने के मकसद से जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत पौनियां के पंचायत भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया गया। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गीता लक्ष्मण भलावी के विशेष प्रयास से शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गोंदिया के एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने पहुंचकर ग्रामीणों का मुफ्त में उपचार कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया। शिविर के आयोजन में चिकित्सकों का विशेष सहयोग रहा। चिकित्सक डॉ. आर.एन.वागे, डॉ विकास तांडेकर, डॉ. प्रशांत शिलके, स्वास्थ्यकर्मी योगेश्वरी बिसेन, किरण तुरकर, आरोग्य सेविका सलमा सिद्दीकी, नजहद खान, समाजसेवी लक्ष्मण भलावी, आलोक चौधरी, रोजगार सहायक तिलेन्द्र पटले, भरत भुरे, विजय रांहगडाले, महेश गभने, शंकर राऊत के प्रयासों से शिविर सफल रहा। यहां गांव के 100 से अधिक लोगों ने पहुंचकर अपनी जांच करवाई। लक्ष्मण भलावी ने बताया कि ग्रामीणों में ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य बीमारियों की प्रारंभिक जांच की गई ताकि बीमारियों का शुरुआती चरण में ही पता लगाकर उसका उपचार किया जा सके।

## भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान शुरु

# श्री पंचमुखी शिव परिवार की पुनः प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के हृदय स्थल शांति एम्पोरियम के पास, नगर पालिका के सामने स्थित श्री पंचमुखी शिव मंदिर में शिव परिवार की प्रतिमाओं के पुनः प्राण प्रतिष्ठा समारोह बुधवार की सुबह भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है। पंचमुखी शिव परिवार द्वारा आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान 21 जनवरी से शुरू होकर 23 जनवरी बसंत पंचमी तक चलेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी।

तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का प्रारंभ बुधवार 21 जनवरी को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा से हुआ। यह भव्य कलश शोभा यात्रा सराफा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पंचमुखी शिव मंदिर पहुंची। जहॉं पर दोपहर से वेदी गणेश पूजन और शाम 5 बजे भगवान का अन्नाधिवास किया गया।

गुरुवार 22 जनवरी की सुबह 9 बजे वेदी पूजन, दोपहर 1 बजे जलाधिवास और शाम 5 बजे से शैय्याधिवास, पुष्पाधिवास एवं फलाधिवास जैसे महत्वपूर्ण संस्कार विधि.विधान से किए जाएंगे। शुक्रवार 23 जनवरी बसंत पंचमी महोत्सव के अंतिम दिन सुबह 8 बजे वेदी पूजन और 10 बजे सर्व औषधि स्नान होगा। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान की मुख्य प्राण प्रतिष्ठा संपन्न की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे सहस्त्र धारा शिव अभिषेक, हवन पूर्णाहुति और महाआरती का आयोजन होगा।

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के समापन पर शुक्रवार शाम 7 बजे से विशाल महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया है। पंचमुखी शिव परिवार ने नगर एवं क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### मैहर से वापस लौटा भक्तों का जत्था

**कटंगी।** क्षेत्र की सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे को कायम रखने के लिए इस वर्ष भी मायॅल नगरी तिरोड़ी से माता रानी के भक्तों का एक जत्था मैहर में मां शारदा का दर्शन कर बुधवार 21 जनवरी की सुबह वापस लौट आया है। तिरोड़ी पहुंचते ही ग्रामीणों ने इन तीर्थ यात्रियों का माता रानी के जयकारों के साथ पुष्पहार पहनाकर स्वागत सत्कार किया। यह सभी तीर्थ यात्री 09 जनवरी को साइकिल से मैहर के लिए रवाना हुए थे। 13 दिनों में करीब साढ़े 4 सौ किमी. की यह तीर्थ यात्रा करने के बाद यह 20 जनवरी की देर शाम सभी यात्री कटंगी पहुंचे। कटंगी में सुरजीत सिंह ठाकुर, रचना गौर, अनुज ठाकुर, मुकेश चौकसे, सतीश परमार सहित अन्य धर्मप्रेमियों ने उनका स्वागत किया। वहीं बुधवार की सुबह यात्री अपने अंतिम पड़ाव यानी तिरोड़ी पहुंचे।

### आरंभा अस्पताल में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगी हुए लाभान्वित




**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** 21 जनवरी बुधवार को खैरलांजी विकास खंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आरंभा में बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर संपन्न किया गया है। इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्रदान कर चयनित नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया । नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस. बिसेन ने बताया की एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर में अंचल के नेत्र रोगी की जांच व उपचार किया गया साथ ही उचित परामर्श प्रदान करते हुए चयनित नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया। उन्होंनो बताया की 48 नेत्र रोगीयो ने ओपीडी में पंजीयन किया जिसमे 16 नेत्र रोगीयो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया। पुन 27 जनवरी को मुख्यालय के शासकीय अस्पताल में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर लगाया जाएगा और मरीजो को लाभान्वित किया जाएगा।

# करीब 18 वर्ष बाद साध्वी के वेश में लौटी बेटी, भावुक हुआ पूरा गांव और परिवार

### जैन साध्वियों का नगर में हुआ मंगल प्रवेश, वंदन कर नगर की धरा में जैन समाज ने किया स्वागत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से विहार पर निकली जैन साध्वियों का मंगलवार की शाम कटंगी नगर की धरा में मंगल प्रवेश हुआ है। श्री प्रियदर्शना श्रीजी महाराज साहब अपनी तीन सखी साध्वियों के साथ ग्राम जाम से पैदल विहार करते हुए मंगलवार की शाम 05 बजे श्री गणेश भवन कटंगी पहुंची। बुधवार को श्री गणेश भवन में सुबह प्रवर्चन का आयोजन हुआ। जैन साध्वियों ने 14 जनवरी से 20 जनवरी तक ग्राम जाम में आत्म-कल्याण, अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह जैसे जैन सिद्धांतों पर प्रवचन सुनाते हुए गृहस्थों को जीवन जीने की सही कला सिखाई। मंगलवार को जैसे ही साध्वियों ने नगर में मंगल प्रवेश किया जैन समाज के लोगों ने वंदन कर उनका स्वागत सत्कार किया। सकल समाज के लोग भी जैन साध्वियों का दर्शन करने के लिए सड़क के किनारे कतारबद्ध खड़े हुए नजर आए। श्री प्रियदर्शना श्रीजी महाराज साहब के साथ जैन साध्वी सुकृति महाराज साहब भी विहार पर है।

साध्वी सुकृति महाराज साहब का कटंगी के ग्राम जाम से नाता है। वह कमल सिंह राहंगडाले के घर पर जन्मी और सेवनकला राहंगडाले के नाम रखा गया। वर्ष 2007 में उन्होंने जैन धर्म की दीक्षा ग्रहण की थी और साध्वी सुकृति महाराज साहब के नाम से पहचान मिली अब करीब 18 वर्ष बाद जैन साध्वी के रूप में वह अपने पैतृक गांव जाम पहुंची। साध्वी सुकृति महाराज साहब के भतीजे शशांक राहंगडाले ने बताया कि बुआ ने वैराग्य धारण करने के बाद वह पहली बार गांव आई। उनके दर्शन के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा। उन्होंने बताया कि जब उनके विहार पर जाने की सूचना मिली थी तब उनके परिवार ने गांव में कुछ दिनों तक रुकने का आग्रह किया था। जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। जैन साध्वियों के गांव में प्रवेश करते ही लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं था। वहीं मंगलवार को जब सभी साध्वियां विहार के लिए आगे बढ़ी तो यह पल बेहद ही भावुक था। साध्वी सुकृति महाराज साहब के परिवार के अलावा ग्रामीणजन भी सभी को विहार के अगले पड़ाव के लिए विदाई देते हुए भावुक हो गए थे।

### आवा की छात्रा अनु कालबेले ने दिलाया जिले को गौरव



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला आवा में अध्यनरत छात्रा कुमारी अनु कालबेले ने पर्यावरण में हरित क्रांति सौर उर्जा मंडल में लांजी क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनका चयन जिला स्तर से संभाग स्तर पर जबलपुर में हुआ है। अनु की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता भोजराज कालबेले और शिक्षक सुरेश गुर्दे, तरुण मेश्राम, संजय जोशी, आर. एस. बुंदेले और टी.सी. विजयवार का सराहनीय योगदान रहा एवं आगे भी इनके द्वारा मंडल में निरंतर प्रयासरत रहेंगे एवं उनकी सफलता की कामना करेंगे।

# 14वीं राज्य स्तरीय युसीमास प्रतियोगिता में बालाघाट की आराध्या चक्रवर्ती बनी चैम्पियन ऑफ द चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



अबेकस टेलेंट एल.एल.पी. मास्टर फ्रेन्चाइसी युसीमास नागपुर रिज़न एवं युसीमास इंडिया नेटवर्क द्वारा 18 जनवरी को महर्षि व्यास हेगडेवार सभागृह स्मारक समिति रेशमबाग नागपुर में 14वीं राज्य स्तरीय युसीमास प्रतियोगिता आयोजित की गई। विज्युअल प्रतियोगिता में बच्चों को 8 मिनट में 200 सवाल अंकगणित के हल करना होता है। इसके साथ ही लिसनिंग (मेंटल) और फ्लॅश प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नागपुर रिज़न के अलग अलग जिलों के युसीमास सेंटर से 1200 बच्चे अपने अभिभावकों के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने पहुँचे।

प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर में अबेकस टेलेंट के डायरेक्टर दिलीप जैन सर एवं अंजना पालीवाल मैम, पालीवाल सर, पीयूष सर, महेन्द्र सर और युसीमास इंडिया के बिजनेस हेड सिम्प्लिसियो मैनेज सर और नागपुर के असिस्टेंट कमिश्नर श्री डॉ. अशोक बगुल और भानेगांव के एडवेन्चर स्कूल के संचालक आशाराम कुशले सर और अन्य गणमान्य विशेष अतिथी के रूप में उपस्थित थे।

**युसीमास सेंटर सिंधी मोहल्ला बालाघाट के 150 बच्चों ने भाग लिया :** विज्युअल प्रतियोगिता में आराध्या चक्रवर्ती चैम्पियन ऑफ द चैम्पियन्स का अवार्ड हासिल कर बालाघाट जिले का नाम रोशन किया। इसके साथ ही दायित्व अमुले लेवल-1, अयान मंगलानी लेबल-6, आराध्या आंबिलकर फाऊडेशन-2 और अनित्या मेश्राम लेवल-8 ने चैम्पियन की ट्राफी हासिल की । तथा तेजस बिसेन लेवल-1, सान्वी बाघरेचा लेवल-5, परिधी बिसेन फाऊडेशन-2, दक्षिता चुट्टानी फाऊडेशन-3, काव्या बोहरा लेवल-7 तथा साकेत बानेवार ने लेवल-8 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही रिद्धिका ठवरे लेवल-1, सौम्या खरे लेवल-4 सोहम वाधवानी लेवल-5, कुशाग्र अमुले फाऊडेशन-3 तथा आरूषी गुप्ता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही ओमी तितरमारे लेवल-1, श्रुति कबिरे लेवल-1, विवान मंगलानी लेवल-3, यति पिछोडे लेवल-5, आरिनी रावते फाऊडेशन-2, निमिता ठाकरे फाऊडेशन-3, नित्यम शेंडे लेवल-8 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अंशुमन नाकतोडे लेवल-1, समृद्धि बनवारी लेवल-4, नायरा पिलारे लेबल-5, आराध्या पिपलेवार लेवल-5, लावण्या पटले लेवल-8 में चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही लक्ष्य बोपचे लेवल-1, ओसिया चौरे लेवल-4, तिजील राहंगडाले लेवल-5, कुणाल नारनउरे लेवल-8 में पांचवा स्थान प्राप्त किया।

विज्युअल प्रतियोगिता के बाद लिसनिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों को मेंटल कैल्कुलेशन करना होता है। इस प्रतियोगिता में विवान मंगलानी ने चैम्पियन की ट्राफी हासिल की तथा तिजील राहंगडाले, आरूषी गुप्ता, आराध्या चक्रवर्ती ने फर्स्ट रनर-अप की ट्राफी हासिल की, तथा नायरा पिलारे, आराध्या पिपलेवार ने सेंकड रनर-अप की ट्राफी हासिल की। तथा आयान मंगलानी ने फोर्थ रनर-अप और सान्वी बाघरेचा ने फिफ्थ रनर-अप की ट्राफी हासिल की।

## खबर संक्षेप

### शराब बंदी लागू करने की मांग के साथ मनाई जाएगी संत रविदास जयंती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।।** देश प्रदेश में बड़े पैमाने पर वैध अवैध शराब बिक्री से लाखों परिवार बर्बाद हो रहे हैं। महिलाओं और बच्चों की बहुत दुर्गति हो रही है। शराब दुकान हटाने के लिए अनेक स्थानों पर पीड़ित महिलाएं आंदोलन कर रही हैं। अतः आगामी 01 फरवरी 26 को पूरे मध्यप्रदेश में शराब बंदी लागू करने की मांग के साथ संत रविदास जयंती मनाई जाएगी।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए संत रविदास समाज संघ जिला सिवनी के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने बताया कि लाखों लोग प्रतिदिन अपनी मेहनत की कमाई शराब पीने मे बर्बाद करते हैं। कभी यह पियक्कड़ लोग अपने परिवार की महिलाओं और बच्चों की कमाई को छीनकर शराब पी जाते हैं।

# रवि योग में वसंत पंचमी 23 जनवरी को, सरस्वती पूजन होगा, विद्यारंभ के लिए शुभ संयोग

**संत पंचमी माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को मनाया जाएगा। अबूझ मुहूर्त वाले इस पर्व पर इस बार रवि योग का खास संयोग रहेगा। यह इस पर्व को और खास बनाएगा।**

वसंत पंचमी माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष यह पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को मनाया जाएगा। अबूझ मुहूर्त वाले इस पर्व पर इस बार रवि योग का खास संयोग रहेगा। यह इस पर्व को और खास बनाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस दिन बिना मुहूर्त देखे विवाह, गृह प्रवेश, नौकरी, व्यापार की शुरुआत, भूमि पूजन, वाहन या कोई भी विशेष वस्तुओं की खरीदारी अत्यंत शुभ और फलदायी मानी जाती है।

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक माघ शुक्ल पंचमी तिथि 23 जनवरी की सुबह 02.28 बजे से शुरू होकर 24 जनवरी की सुबह 01.46 बजे समाप्त होगी, इसलिए उदयातिथि के अनुसार इस दिन यह पर्व मनाया



जाएगा। वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा के लिए शुभ मुहूर्त सुबह 09.53 बजे से 11.13 बजे तक और 07.15 बजे से दोपहर 12.50 बजे तक रहेगा, जो विशेष रूप से ज्ञान और कला के लिए लाभकारी है। इस दिन अबूझ मुहूर्त होने से शहर में तगड़ा सहालग भी रहने वाला है, इसके चलते जमकर शादियां होंगी। इसके साथ ही विवाह सम्मेलन भी होंगे। वहीं स्कूल-कॉलेजों में माता सरस्वती के पूजन के लिए बाजारों में मां सरस्वती की प्रतिमाओं की बिक्री जारी है।

### ऋतु परिवर्तन का सूचक

यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन का सूचक है जो प्रकृति में नई स्फूर्ति और हरियाली के साथ खुशहाली लाता है। इस दिन मां सरस्वती की पूजा की जाती है, जो शिक्षा, कला और संगीत की देवी हैं। वसंत पंचमी का त्योहार देश के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी यह पर्व लोगों को एकजुट करता है।

### ये करें वसंत पंचमी पर

वसंत पंचमी के दिन नया काम करना बहुत फलदायक होता है। इस दिन नींव पूजन, गृह प्रवेश, वाहन खरीदना, व्यापार प्रारंभ करना और कई मांगलिक कार्य किए जाते हैं। संगीत से जुड़े कलाकारों को अपने वाद्य यंत्रों पर तिलक लगाकर मां सरस्वती की पूजा अवश्य करनी चाहिए। बच्चों का अन्नप्राशन करवाना शुभ माना जाता है। पीले या सफेद वस्त्र पहनने चाहिए।

मान्यताएं : बसंत पर प्रकट हुई थीं मां सरस्वती, इसी दिन लिखे गए भगवान शिव-मां पार्वती के लग्न

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सृष्टि के आरंभ में चारों ओर नीरवता थी। तब भगवान ब्रह्मा के कमंडल से जल छिडकने पर मां सरस्वती प्रकट हुई और वीणा के मधुर स्वर से संसार को वाणी और ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी कारण वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा का विशेष विधान है। कहा जाता है कि इस दिन सच्चे मन से की गई आराधना से माता शीघ्र प्रसन्न होकर ज्ञान, विवेक और बुद्धि का आशीर्वाद देती हैं। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की लग्न भी लिखी गई थी।

### पूजा की विधि

मां सरस्वती की प्रतिमा को पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें। रोली, चंदन, हल्दी, केसर, पीले या सफेद रंग के पुष्प, पीली मिठाई और अक्षत अर्पित करें। पूजा के स्थान पर वाद्य यंत्र और किताबों को अर्पित करें। मां सरस्वती की वंदना करें। विद्यार्थी चाहें तो इस दिन मां सरस्वती के लिए व्रत भी रख सकते हैं। इस दिन हर घरों में केशरिया चावल बनाए जाते हैं और प्रातःस्नान के पश्चात पीले परिधान पहने जाते हैं, फिर मां सरस्वती का पूजन करना चाहिए।

# वायर चोरी पर पुलिस की चुप्पी, किसानों की मेहनत लुटती रही

**हरिभूमि न्यूज सोनखार (प्रदीप तिवारी)।** सोनखार क्षेत्र में बीते तीन वर्षों से किसानों के खेतों से लगातार हो रही विद्युत केबल चोरी की घटनाएं अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही हैं। चोर बेखौफ होकर किसानों की मेहनत पर हाथ साफ कर रहे हैं, जबकि पुलिस केवल सूचना दर्ज कर औपचारिकता निभाती नजर आ रही है।

मंगलवार रात एक बार फिर चोरों ने चार किसानों टोपसिंह देशमुख, महेंद्र परिहार, ललित बिसेन, महेश परिहार एवं बबलू परिहार के बोरवेल से केबल चोरी कर ली। लगभग 50 हजार रुपये की केबल चोरी होने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है।

हैरानी की बात यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले तीन वर्षों में दर्जनों बार इसी तरह की चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन आज तक न तो किसी बड़े गिरोह का खुलासा हुआ और न ही किसी ठोस गिरफ्तारी की जानकारी सामने आई। इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर पुलिस की गश्त, निगरानी और खुफिया तंत्र किस हाल में है?

एक ओर किसान महंगी बिजली, खाद-बीज और मौसम की मार से जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर चोर खुलेआम केबल काटकर ले जा रहे हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद न तो रात में गश्त बढ़ाई गई और न ही संवेदनशील इलाकों पर कोई ठोस कार्रवाई की गई।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू करने की बात तो कही है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह जांच भी पहले की तरह फाइलों में सिमट कर रह जाएगी? लगातार हो रही चोरियों से किसानों में भारी आक्रोश है और वे पुलिस की निष्क्रियता को इस समस्या का सबसे बड़ा कारण मान रहे हैं।

# राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक




16 वी इंडियन राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप बालाघाट में स्पोर्ट्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी के 12 सदस्य दल ने हिस्सा लिया था जिसमें विभिन्न आयु वर्ग और वजन वर्ग में पदक प्राप्त किये जिले के घंसौर धनोरा छपारा विकासखंड से खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें रागिनी यादव (स्वर्ण पदक ) काता कुमिते में मेघा प्रजापति मैं और (स्वर्ण पदक) समर्थ राजपूत (रजत पदक )अनुश्री सल्लाम (रजत पदक) सूर्यांश साहू (कांस्य पदक)मुनेश प्रजापति ( कांस्य पदक) खुशबू चक्रवर्ती (रजत पदक) हलीमा खान (कांस्य पदक) शुभम द्विवेदी ( कांस्य पदक) नंदनी यादव(कांस्य पदक) पदक विजेता रहे प्रतियोगिता में 30 जिलों के लगभग 600 कराटे खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया खिलाड़ियों को विभागीय कोच नारायण सिंह प्रजापति एवं प्रशिक्षक अन्नपूर्णा धुर्वे गीतेश प्रजापति द्वारा प्रशिक्षण दिया गया इन सभी खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता देहरादून में मध्य प्रदेश के दल में शामिल होकर मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ियों को समस्त मीडिया टीम प्राचार्य अभिभावक व पदाधिकारी खेल प्रेमियों ने बधाई दी उज्जवल भविष्य की कामना दी

# धनौरा मे होगी रॉऊन्ड रॉबिन लेदर बाल प्रतियोगिता

**धनौरा** – पिछले 22 वर्षों से धनोरा में चली आ रही राउंड रॉबिन क्रिकेट प्रतियोगिता इस वर्ष पुनः 25 जनवरी से प्रारंभ होकर 4 फरवरी तक खेली जाएगी,प्रतियोगिता की संयोजक डॉक्टर नीलेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श क्रिकेट क्लब धनौरा के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता कई वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है,जिसका उद्देश्य जिले के खिलाडिय़ों को लेदर बॉल क्रिकेट खेलने के अवसर उपलब्ध करना होता है इस प्रतियोगिता की खासियत है कि इसमें खेलने के लिए किसी भी टीम से प्रतियोगिता शुल्क नहीं लिया जाता साथ ही सभी टीमों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा की जाती है, आगे बताया गया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों



को स्थान दिया गया है जिसमें चार-चार टीमों के दो फूल बनाकर आपस में मैच खिलाए जाएंगे दो सर्वश्रेष्ठ टीमें फाइनल में अपना स्थान बनायेगीं जो 4 फरवरी को कुरनभटा रोड खेल मैदान धनोरा में खेला जाएगा, प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 41000 रूपये द्वितिय पुरूस्कार 21000 सहित मैन आफ द सीरीज एवं अन्य व्यक्तिगत पुरूष्कार खिलाडियो को दिये जायेगें। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ नीलेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में हमारे अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, सिवनी विधायक मुनमुन राय, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, लखनादौन विधायक योगेंद्र बाबा, भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन, एवं अनु.जन.जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तेकाम इस प्रतियोगिता में सिरकत करेंगे, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम सिवनी,लखनादौन, घंसौर, धनौरा, आदेगांव,गोरखपुर, केवलारी, और ऊगली होगीं। प्रतियोगिता संबंधी अधिक जानकारी के लिए 798 7858 377 मैं संपर्क किया जा सकता है।

# सीएससी एवं वीजा प्रोजेक्ट के अंतर्गत ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के लिए किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सीएससी के द्वारा संचालित वीजा सीएसआर के अंतर्गत आज ग्राम देवरीमुल्ल जिला सिवनी में सीएससी वीएलई रविशंकर उईके के द्वारा ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के बचने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत आज ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे किसी अनजाने कॉल में बैंक ओटीपी मांगने पर क्या करना चाहिए, और डिजिटल अरेस्ट कैसे किया जाता है एवं इससे कैसे बचा जा सकता है। आजकल साइबर फ्रॉड बहुत तेजी से ग्रामीण अंचल पर भी हो रहा है इसीलिए वीजा सीएसआर के द्वारा सीएससी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

# गणेशगंज से बरमान के लिए निकली चुनरी यात्रा

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन। नेशनल हाईवे 44 पर स्थित गणेशगंज से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर पैदल यात्रा गणेशगंज से बरमान के लिए बुधवार को सुबह निरंतर 11 वर्ष रवाना हुई।**

## मां नर्मदा जयंती के अवसर पर 51 फिट चुनरी की जाएगी अर्पण, 120 किलोमीटर की दूरी चार दिनों में तय करेंगे श्रद्धालु

यात्रा की शुरुआत गणेशगंज के सिद्धपीठ संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती कर की गई उसके पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा श्री राधाकृष्ण शिवशंकर मंदिर एवं मां खेरापति,मंदिर में विधिवत आरती पूजन पूरे भक्ति भाव के साथ की गई ।

यात्रा आरंभ होते ही एक तरफ़ जहां स्थानीय जनमानस के द्वारा मां नर्मदा यात्रा के दर्शन करने तथा चुनरी में फल ,फूल, यथा शक्ति दान अर्पित किया गया तो दूसरी ओर जगह जगह यात्रियों के स्वागत हेतू जल पान नाश्ता चाय का प्रबंध किया गया ।

गणेशगंज से बरमान दूरी लगभग 120 कि.मी. की यात्रा चार दिन में तय की जाएगी। यात्रा का पहला विश्राम बंजारी (जोबा परासिया), दूसरा विश्राम भंडारदेव (मुंगवानी), तीसरा विश्राम शनिमंदिर (लिंगा नरसिंहपुर बायपास) वही चौथे दिवस की यात्रा कर सभी श्रद्धालु बरमान पहुंचेंगे जहां विश्राम करते हुए संध्या कालीन मां रेवा के श्रीं चरणों में सुंदर भजन संकीर्तन का लाभ उठाएंगे। यात्रा में गणेशगंज, गुंगवारा, मुतिया,बिजना, रायचोर, टिंगीटोला,धौरियां, लालपुर, सहजपुरी, बदनौर, जोगीगुफा,पायली,



बाम्हनवाड़ा सहित अन्य गांवों के भक्त शामिल हुए ।

120 किलो मीटर की यात्रा सकुशल संपन्न हो जिस हेतू बलराम ठाकुर, हरिओम ठाकुर, देवेंद्र सिंह ठाकुर, विमलेश सिंह ठाकुर, ऊपेंद्र सिंह ठाकुर, महेश सिंह ठाकुर, गोविंद भलावी, संदीप साहू, मुकेश साहू, हेमंत चौकसे, अयोध्याचंद्रवंशी, बसंत चंद्रवंशी, भगवानी चंद्रवंशी,भारत चंद्रवंशी,सेवक चंद्रवंशी, सतेंद्र उईके,मनीराम यादव सहित अन्य सदस्यों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई हैं ।

### इनका कहना है

विगत दास वर्ष की तरह निरंतर इस 11 वर्ष भी गणेशगंज सहित आसपास क्षेत्रों से मां रेवा के भक्त सेंकड़ों की संख्या में बड़े ही उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए हैं।

**ठाकुर दिकपाल सिंह, नर्मदा यात्रा आयोजन कर्ता गणेशगंज**

यात्रियों का जत्था जहां भी ठहरता है वहां भजन कीर्तन संगीत भी किए जाते हैं जिसमें यात्रा कर थके हुए श्रद्धालु आनंद मगन होकर अपनी थकान भूल जाते हैं और अगले दिन सुबह होते ही फिर पूरे जोश के साथ अपनी यात्रा आरंभ करते हैं।

**शेलेंद्र केशरवानी,नर्मदा यात्रा मॉनिटरिंग कर्ता गणेशगंज**

25 जनवरी को मां नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य पर सूरज कुण्ड घाट में नर्मदा मैया की पूरे विधि विधान से पूजन अर्चना की जाकर मां नर्मदा मैया को 51 मीटर लगभग (300 फिट) चुनरी भेंट की जाएगी तत्पश्यात विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा तथा संध्या कालीन मां रेवा की महाआरती संपन्न होगी।

**विनय केशरवानी,नर्मदा यात्रा व्यवस्थापक गणेशगंज**

# डूण्डासिवनी पुलिस का गौ तस्करों पर कड़ा प्रहार, 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के द्वारा गौतस्करो व अवैध गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध ठोस कार्यवाही के निर्देश है । भुरकल खापा औद्योगिक क्षेत्र के पास जंगल में मिले गौवंश अवशेषो की घटना को तत्परता से लेकर बरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विधीसंगत अपराध धाराओ में अपराध पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियो की पतारसी करने हेतु टीम गठित की गई। पतारसी के दौरान तकनिकी साक्ष्यो के आधार पर एक बलिनो कार घटना स्थल के पास आते जाते दिखने पर उक्त बलिनो कार के संबंध में मुखबिर तंत्र के माध्यम से पतारसी किया गया। जो भैया पटरी की होना पायी गई।

इसी क्रम में आगे बढते हुये भैया पटरी को अभिरक्षा में लेकर घटना के अन्य साक्षियों के संबंध में जानकारी जुटाई गई है जो अंजाम देने वाले अन्य साथी सिवनी, बोरी व कपुर्दा का होना पाया गया। जिनको अभिरक्षा में लेकर घटना में प्रयुक्त कार, औजार, कुंदा जप्त किया गया है। आरोपीगणो द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार के आपराधिक कृत्य किये है। आरोपिगणो से खुलासा हुआ कि दिनांक 19/01/26 की रात आरोपीगण कपुर्दा के अमित चौरसिया के खेत में बने मकान के पीछे अमित के द्वारा दो गौवंश वध हेतु देने पर सभी ने मिलकर गौवशं का वध किया और बड़े बड़े टुकडे कर बोरियों में भरकर बलिनो कार से भैया पटरी के खेत में लाकर छोटे छोटे टुकडे किये और गौवंश के अवशेष को भुरकल खापा ओद्योगिक क्षेत्र के नाला जंगल के पास फेंक दिये थे।

आरोपियों मे फिरोज खान पिता इब्राहिम खान उम्र 45 साल निवासी शहीद वार्ड घसियारी मोहल्ला सिवनी, अमित उर्फ अम्मू खान पिता मथुरा प्रसाद चौरसिया उम्म्र 35 वर्ष निवासी कपुर्दा थाना चौरई जिला छिन्दवाडा, मस्सीउजजमा उर्फ भईया पटरी पिता नज़मुजमा उम्र 48 साल निवासी जगदम्बा सिटी सिवनी, मोहसिन उर्फ काला पिता मोहम्मद खान उम्र 22 वर्ष निवासी बोरी थाना बरघाट जिला सिवनी, इमरान उर्फ इम्मु पिता अनवर खान उम्र 22 साल निवासी बोरी थाना बरघाट जिला सिवनी। जप्ती मे एक ग्रे कलर की बलिनो कार क्रमांक एमपी - 22- जेटए -8799 2.दो एनड्राईड मोबाईल एवं दो लकड़ी के कुंदा, दो लोहे के बका।

उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक चैनसिंह उइके, सउनि. संजय बघेल, बालकृष्ण त्रिगाम, प्र.आर. संजय यादव, आर, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर, अकलेश माहोरे, मिथलेश सूर्यवंशी, रवि धुर्वे, सीताराम जावरे, केसरीनंदन ऐडे एवं सायबर सेल शाखा से सउनि, देवेन्द्र जयसवाल, आर. अजय बघेल का विशेष योगदान रहा।

### इधर, गोवंश का फरार आरोपी गिरफ्तार

सिवनी. कोतवाली थाना क्षेत्र गोवंश के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी तनू उर्फ तनवीर खान निवासी बरघाट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कई दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी जिला पिट्टू दल का हुआ चयन

## संभाग स्तर पिट्टू प्रतियोगिता का होगा सिवनी मे आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी में जिला स्तरीय पिट्टू महिला व पुरुष प्रतियोगिता का रोमांचक आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में सिवनी जिला के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालय में , लखनादौन, बरघाट, केवलारी, घन्सोर, छपारा और सिवनी के युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला स्तरीय पिट्टू प्रतियोगिता का उद्घाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अजय बाबा पांडेय और प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग ने किया चयनकर्ता के रूप में श्रीमती अर्चना पाठक उपस्थित रही प्रतियोगिता को संम्पादित कराने मै डॉ कमलेश टेम्भरे, मनीष परिहार का सहयोग रहा। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए डॉ पवन वासनिक, के के बरमैया, डॉ टीपी सागर, डॉ संदीप शुक्ला, डॉ अमिताभ शर्मा सहित स्पोर्ट ऑफिसर ,डॉ कादीर खान , डॉ सपन जाट, डॉ सायमा सरदेशमुख, जसवंत सिंह राजपूत, सुधीर डेहरिया , शिवानी साहू, समेत महाविद्यालय के कर्मचारी व अधिकसरी उपस्थित थे

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी के स्पोर्ट्स ऑफिसर केसी राउर ने बताया कि राज्य के युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित पि_ प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग व महिला वर्ग में सिवनी जिला दल के चयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा जिससे पिट्टू खेल के माध्यम महाविद्यालीन छात्र छात्राओं को एक बेहतर मंच मिले प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी मै फरवरी के प्रथम सप्ताह आयोजित होना है जिसमे छिंदवाड़ा परिक्षेत्र की टीमें भाग लेगी।

### जिला स्किल कमेटी की बैठक आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्राचार्य आई टी आई सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गुरूवार 22 जनवरी को शासकीय आईटीआई सिवनी मे जिला स्किल कमेटी की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिले की आईटीआई में संचालित व्यवसायों की समीक्षा, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना.पी. एम. विश्वकर्मा योजना, नेप्स. पी. एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत (सोलर टेक्निशियन का प्रशिक्षण) एवं जिले में कौशल गतिविधियों को बढ़ाने सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की जायेगी।

### पूर्व सैनिकों की वार्षिक बैठक 28 जनवरी को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला सैनिक कल?याण अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर एवं जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में 28 जनवरी 2026 को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, सिवनी की वार्षिक बैठक का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है।

जिला प्रशासन ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर अपनी समस्याएँ जिला सैनिक कल्याण बोर्ड सिवनी एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास के समक्ष रखें, ताकि उनका निराकरण किया जा सके।

### पंचकल्याणक नगर में सातवें दिन मोक्ष कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव

# सिवनी एवं केवलारी विधायक सहित हजारों श्रद्धालु बने ऐतिहासिक पलों के साक्षी

**छपारा** – नगर के तकिया वार्ड के सुभाष ग्राउंड पर विगत 14 जनवरी से प्रारंभ हुआ गजरथ महामहोत्सव का 20 जनवरी को विधिवत पूजा अर्चना कर गजरथ 7 फेरी अभिषेक आभार प्रदर्शन प्रवचन पश्चात श्री जी का बिहार वेदी प्रतिष्ठा श्री जी स्थापना कलशा रोहण ध्वजारोहण पूजन आदि विधियों एवं सामारोह में पहुंचे हजारों की संख्या में नगर वासियों सहित क्षेत्रीय जनों को आयोजित भोज में भोजन प्रसादी वितरण के साथ संपन्न किया गया । एक सप्ताह तक आयोजित भव्य समारोह के आयोजन में सभी जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों एवं क्षेत्रीय वासियों सहित पुलिस, नगर परिषद एवं अन्य विभागों का भरपूर सहयोग प्रदान करने के आभार व्यक्त किया गया वहीं पूरा बिता सप्ताह नगर में त्यौहार की भांति कब निकल गया पता ही नहीं लगा अपने प्रवचन में मंगलवार को कार्यक्रम के अंतिम दिवस मुनि श्री 105 नीरज सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 105 निर्मदसागर जी महाराज द्वारा विशाल संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को अपने संबोधन

**विश्व शांति महायज्ञ पूर्ण आहुति,गजरथ 7 फेरी**



में कहा कि यह अनुष्ठान किसी विशेष जाति वर्ग या समुदाय का नहीं वरन विश्व शांति का महायज्ञ है जो सभी के किसी न किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग प्रदान करने से सफलतापूर्वक पूरा हुआ। प्रतिदिन की तरह 20 जनवरी को प्रातः पात्र शुद्ध अभिषेक शांति धारा नित्य पूजन जन्मकल्याणक पूजन शांति हवन आचार्य श्री जी पूजन एवं आशीर्वचन विश्व शांति महायज्ञ पूर्णाहुति हवन विसर्जन दोपहर 2.15 गजरथ सात फेरी अभिषेक आभार प्रदर्शन प्रवचन पश्चात श्री जी का विहार वेदी प्रतिष्ठा श्रीजी स्थापना कलश रोहण ध्वजारोहण पूजन किया गया। गजरथ महामहोत्सव में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। इस गजरथ महामहोत्सव के आखिरी दिन लोगों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा की आयोजन स्थल पर पैर रखने की जगह भी कम पड़ रही थी।

### पारदर्शिता को लेकर उठाए सवाल, जांच की मांग

# लक्ष्य से अधिक खरीदी पर विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा- बिचौलियों ने केन्द्रों पर पहुंचाई धान

**बारिश से 40 प्रतिशत फसल बर्बाद, फिर भी केन्द्रों पर बम्पर खरीदी, 10 से 15 गांवों का दौरा कर नुकसान देखा, विधायक का तर्क है कि जब पैदावार कम हुई, तो प्रशासन लक्ष्य से अधिक खरीदी कैसे दिखा रहा है?**





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में इस साल लक्ष्य से ज्यादा धान की खरीदी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारी बारिश से फसलों को हुए नुकसान के बावजूद रिकॉर्ड खरीदी होने पर पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। कांग्रेस विधायक ने इस पूरे मामले की जांच की मांग करते हुए अंदेशा जताया है कि बिचौलियों के माध्यम से बाहरी जिलों का धान यहां खपाया गया है।

कांग्रेस विधायक ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अतिवृष्टि के कारण जिले में 30 से 40 प्रतिशत फसलें बर्बाद हुई थीं। उन्होंने खुद 10 से 15 गांवों का दौरा कर नुकसान देखा था। विधायक का तर्क है कि जब पैदावार कम हुई, तो प्रशासन लक्ष्य से अधिक खरीदी कैसे दिखा रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन फर्जी आंकड़ों के जरिए अपनी पीठ थपथपा रहा है, जबकि इस विसंगति की गहराई से जांच होनी चाहिए।

आंकड़ों के मुताबिक, खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 1 दिसंबर से 20 जनवरी तक धान की खरीदी की गई। इस दौरान 1 लाख 17 हजार 156 पंजीकृत किसानों से कुल 60 लाख 85 हजार 450 क्विंटल धान खरीदा गया, जिसकी कुल कीमत 1441 करोड़ 64 लाख 31 हजार रुपए है।

धान खरीदी तो हो गई, लेकिन उसका उठाव न होने से किसानों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। अब भी करीब 11 लाख क्विंटल से ज्यादा धान सोसायटियों में ही पड़ा है। गोदामों तक माल न पहुंचने के कारण कई किसानों का भुगतान अटका हुआ है। हालांकि, आपूर्ति अधिकारी का दावा है कि 90 प्रतिशत धान का परिवहन हो चुका है और किसानों को 1110 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

### पांच लाख रूपये तक निःशुल्क उपचार का मिलेगा लाभ

# अब बालाघाट में छः अस्पतालों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




गरीबों की जीवनदायिनी आयुष्मान भारत निरामयम योजना मध्यप्रदेश के अंतर्गत उपचार के लिए बालाघाट नगर में तीन नये हास्पिटलों को संबंद्ध कर दिया गया है। जिसमें श्री विचक्षण जैन हास्पिटल (रनवाय प्यूरिटी सर्विसेस) मोतीनगर, विंध्य लाईफकेयर मल्टीस्पेशलिटी क्रिटिकल केयर सेंटर हनुमान चौक एवं बालाघाट हास्पिटल भटेराचौकी रोड बालाघाट को शामिल कर दिया गया है। इसके पूर्व में आयुष्मान हास्पिटल गोंदिया रोड, गणपति मेमोरियल मयूर टाकीज के पीछे एवं समाधान फ्रेक्चर हास्पिटल बूढीरोड बालाघाट द्वारा सेवाऐं प्रदान की जा रही थी। आयुष्मान योजना के अंतर्गत उपचार की सुविधा देने वाले हास्पिटलों की संख्या छः हो गई है। जिसका उपचार का लाभ बालाघाट एवं अन्य जिलों के जरूरतमंद नागरिकों को मिलने में आसानी होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुये नगरपालिका बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र प्रभारी राकेशवर्मा ताम्रकार ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना से बालाघाट में नये हास्पिटल जुडने से ईलाज के लिए बेहतर हास्पिटल के चयन का विकल्प खुला है। इन सभी हास्पिटलों में किनकिन बीमारी के ईलाज के सुविधा प्रदान जा रही है उसकी निःशुल्क विस्तृत जानकारी जिला चिकित्सालय अथवा नगरपालिका के आयुष्मान सेवा केन्द्र से प्राप्त की जा सकती है। नगरपालिका बालाघाट के आयुष्मान सेवा केन्द्र से आयुष्मान योजना से संबंद्ध निजी हास्पिटलों की हिन्दी भाषा में सूची भी प्राप्त की जा सकती है।

### नपाध्यक्ष ने लगाया मंगल टीका, परंपरानुसार दिये उपहार

## नगरपालिका कार्यालय में हुआ हल्दी-कुमकुम, महिलाओं ने गाये भक्ति गीत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 21 जनवरी को नगर पालिका परिषद बालाघाट कार्यालय सभागार में श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने महिलाओं को मंगल टीका लगाया तथा सुख-सौभाग्य की कामना करते हुए परंपरानुसार उपहार भी दिये। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर भक्तिभजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मातृशक्तियों ने भी एक-दूसरे को पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर आयोजन में सक्रिय सभागिता निभाते हुए समाज में सौहार्द और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी, ओबीसी कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन के साथ ही नगरपालिका की महिला पार्षद, अधिकारी, कर्मचारी, धार्मिक, सामाजिक, स्वयंसेवी संगठनों, महिला स्व-सहायता समूहों मातृशक्तियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

### वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर ने किया नई पीढ़ी को जागरूक

# नगर वन में सम्पन्न हुआ अनुभूति कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं ने जाना वाईल्ड लाईफ








हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पश्चिम बैहर सामान्य के नगर वन में वन परिक्षेत्र में आयोजित "अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गौरव चौधरी मुख्य वनसरंक्षक बालाघाट, रेशम सिंह धुर्वे, उत्तर सामान्य वन मंडल अधिकारी बालाघाट, विशाल होसमणी सर (आईएफएस)प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी, पूर्व बैहर सामान्य, राकेश शाक्यवार, अनुविभागीय अधिकारी बैहर सामान्य, तथा कंदर्भ भट्ट, परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम बैहर सामान्य , दुर्प किशोर मेरावी (विधायक प्रतिनिधि) एवं साजन बोरकर समाज सेवी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त पूर्व/पश्चिम परिक्षेत्रों से वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से किया गया तथा "अनुभूति कार्यक्रम" का आयोजन सफलतापूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

वहीं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं से संवाद स्थापित कर पर्यावरण सरंक्षण तथा वन जीवों के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। तथा नई पीढ़ी को बताया गया कि पर्यावरण हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं, तथा पर्यावरण सरंक्षण के लिए छात्र छात्राओं से शपथ भी दिलाई गई। वहीं वन्य जीवों की जानकारी के संबंध में लिखित पर्चे भी छात्र छात्राओं से हल करवाये तथा विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए कार्यक्रम में पहुंचे जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों के हस्ते उपहार वितरण करवाया गया तथा सुरूचिपूर्ण भोजन की व्यवस्था पश्चिम बैहर सामान्य के द्वारा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं एव जनप्रतिनिधि को कराई गई।

## वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों व असहाय खाताधारकों के लिए बैंक की नई सुविधाजनक नीति लागू

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जनता की सुविधा, सम्मान और समान अधिकारों को ध्यान में रखते हुए बैंक द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं असहाय खाताधारकों के लिए एक नई विशेष नीति लागू की गई है। इस नीति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर ग्राहक को बिना किसी भेदभाव के सरल, त्वरित और संतोषजनक बैंकिंग सेवाएँ प्राप्त हो सकें।

नई व्यवस्था के तहत बैंक की प्रत्येक शाखा में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्राथमिकता काउंटर की व्यवस्था की गई है। साथ ही शाखाओं में बैठने की समुचित व्यवस्था, पीने का पानी, रैम्प तथा व्हीलचेयर से प्रवेश जैसी सुविधाएँ अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई गई हैं। एटीएम सुविधाओं में भी विस्तार किया गया है। क्लासिक कार्ड धारकों को 3 मुफ्त लेन-देन एवं 40 हजार रुपए तक नकद निकासी की सुविधा मिलेगी, वहीं प्लेटिनम कार्ड पर 5 मुफ्त लेन-देन एवं 01 लाख रुपए तक नकद निकासी की सुविधा प्रदान की जाएगी। दिव्यांगजनों के लिए एटीएम में रैम्प एवं व्हीलचेयर अनुकूल व्यवस्था के साथ दृष्टिबाधित व्यक्तियों हेतु बोलने वाले एटीएम और ब्रेल कीपैड की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

घर पर बैंकिंग सेवा के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा गंभीर रूप से बीमार या दिव्यांग ग्राहकों को शाखा से 3 किलोमीटर के दायरे में नकद जमा-निकासी, डिमांड ड्राफ्ट, जीवन प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ घर बैठे उपलब्ध कराई जाएँगी। इसके अलावा सेवा शुल्क में भी विशेष छूट दी गई है। वरिष्ठ नागरिकों को प्रति माह 25 हजार रुपए तक की दो रेमिटेंस/कलेक्शन निःशुल्क मिलेंगी। पासबुक, स्टेटमेंट, चेकबुक, स्टॉप पेमेंट जैसी सेवाओं पर 50 प्रतिशत छूट तथा लॉकर किराए में 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी। दिव्यांगजनों के खातों पर न्यूनतम बैलेंस की कोई शर्त नहीं होगी और दृष्टिबाधित व दिव्यांग ग्राहकों के लिए RTGS, NEFT एवं डिमांड ड्राफ्ट पर शुल्क पूर्णतः माफ रहेगा। शिकायत निवारण व्यवस्था के तहत प्रत्येक शाखा में शाखा प्रबंधक को दिव्यांग ग्राहकों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं मुख्य कार्यालय स्तर पर ग्राहक सेवा विभाग के महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही दिव्यांग प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक सलाहकार समिति के गठन का भी प्रावधान किया गया है। बैंक प्रबंधन का कहना है कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को बैंकिंग सेवाओं में किसी भी प्रकार की असुविधा से मुक्त कर उन्हें सम्मानजनक, सहज एवं त्वरित सेवा प्रदान करना है।

## मुख्य सचिव ने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने 21 जनवरी को आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में कानून व्यवस्था, प्राकृतिक खेती, पेयजल प्रदाय, सुशासन एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शासन की जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे एवं डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संवेदनशील बस्तियों एवं सकरी सड़कों पर फोर्स मूवमेंट में आने वाली समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी बढ़ाने को कहा। मुस्कान अभियान के अंतर्गत नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा आगामी तीन वर्षों में ड्रग फ्री इंडिया अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत 1 अप्रैल 2026 से तीन वर्ष की कार्य योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को अभी से तैयारी एवं आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। थानों में दर्ज प्रकरणों में मेडिकल लीगल केस की कार्यवाही मेडलेपार ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से ही किए जाने तथा खनिज के अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

## डंपरो की टक्कर में चपेट में आए बाइक सवार, जीजा, साला घायल

**ओवरटेक करने के दौरान लांजी आमगांव मार्ग पर हुआ हादसा**

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र में बढ़ते सड़क हादसे के बीच बुधवार 21 जनवरी की शाम तकरीबन 5-6 बजे के बीच लांजी थाना क्षेत्र के दहेगांव और सिंगोला के मध्य बने पुल पर दो डंपरो की टक्कर में चपेट में आई बाईक सवार दो युवक घायल हो गए। जो आपस में जीजा और साला है। जिन्हें उपचारार्थ सिविल अस्पताल लांजी में भर्ती कराया गया है। घायल सिरेगांव निवासी यादोराव कालबेले (25) अपने जीजा पालडोंगरी निवासी चंद्रेश पिता लखनलाल उमरे (35) के साथ पालडोंगरी से परसोड़ी बाईक से जा रहे थे। इस दौरान ही एक ही दिशा में जा रहे डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 1396 और डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 1541 के ओवरटेक करने के कारण डंपरो के बीच चल रहे जीजा-साला की बाईक, डंपर क्रमांक एमपी 50 एच 1541 के सामने के चक्के में आ गई। जिससे उछलकर दोनो जीजा साले दूर जा गिरे और डंपर आगे चल रहे डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर के सामने का हिस्सा पूरी तरह चिपक गया। जिसमें डंपर चालक किरनापुर निवासी हौसलाल मसखरे फंस गया। जिसके बाद, जेसीबी की मदद से डंपर के सामने के क्षतिग्रस्त भाग को हटाकर फंसे चालक हौसलाल को बाहर निकाला गया। हालांकि सभी घायल है लेकिन ज्यादा चोटें नहीं है। अस्पताल में भर्ती यादोराव कालबेले ने बताया कि उसके कमर, पैर और हाथ में चोटें है, जबकि उसके जीजा चंद्रेश को बख्खे और पैर में चोटें है। सभी घायल खतरे से बाहर है। घटना की जानकारी के बाद लांजी पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनो ही डंपर और बाईक को जब्त कर थाने ला रही है।

## मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा व रिलेक्शेसन सत्र का शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा आओ मिलकर बात करें विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम एवं छात्र-छात्राओं की मनोवैज्ञानिक पहलूओं पर एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की मानसिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी प्रमुख पहलुओं पर विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालय द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती अंजू जाचक मनोवैज्ञानिक क्लिनिकल सर्विसेज आफीसर जिला चिकित्सालय बालाघाट उपस्थिति रही।

मुख्य वक्ता श्रीमती जाचक द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा विषय के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को खुशी एवं दुख के हार्मोन केमिकल से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। जिसमें उन्होंने प्रमुखता से डोपामिन रासायनिक संदेश वाहक, जिसका प्रमुख कार्य खुशी, प्रेरणा, सीखना, एकाग्रता, शारीरिक गति को नियंत्रित करना बताया गया। इसके अतिरिक्त एंडोर्फिन रासायनिक वाहक को प्राकृतिक दर्द निवारक व खुशी का हार्मोन बताया। छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन के विभिन्न मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर आओ मिलकर बात करें, थीम के अंतर्गत सभी के साथ मिलकर बात कर अपनी बात रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनकी मानसिक परेशानियों के बारे में खुलकर अभिव्यक्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में श्रीमती जाचक द्वारा रिलैक्सेशन सत्र आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं ने सकारात्मक रूप से भाग लिया। रिलैक्सेशन सत्र के अंत में सभी ने आनंद एवं शांति का अनुभव किया। आयोजन के दूसरे सत्र में महाविद्यालय में शैक्षणिक स्टाफ का प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया था, जिसका मुख्य विषय साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड, वार्निंग साइन, ट्रॉमा और सुसाइड अटेम्प्ट था। जिसमें उन्होंने बताया कि विपरीत मनोवैज्ञानिक परिस्थितियों में हमें छात्र-छात्राओं के व्यवहार, बॉडी लैंग्वेज एक्टिविटी से समझ कर तत्काल उसके निदान के उपाय करना है एवं मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग करवाना है।

## सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का किया गया शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष एवम प्रदेश के मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी के आह्वान पर जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन सर एवम विकासखंड समन्वयक aश्रीमती रुचिका बेस के मार्गदर्शन में सेक्टर रजेगांव के शीतला मंदिर परिसर में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के एक प्रेरणादायि एवम गरीमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच महोदय श्री भूपेंद्र बुड़ेकर,विशेष अथिति के रूप में भूतपूर्व सरपंच श्री सोहनलाल बुडेकर, भोयर पब्लिक स्कूल राजेगांव से भोयर मैडम, मेश्राम जी एवम विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस मैडम,नवांकुर संस्था प्रभारी श्रीमती सविता बोपचे,मेंटर्स जितेंद्र कुमार मातरे, ग्राम संगठन से अनुसाया कुथे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजेगांव से अध्यक्ष सरिता लिल्हारे, रजत कुथे, कोरती से अध्यक्ष ममता चौधरी,सचिव रीना मेश्राम, मोरवाहि से संध्या राहंगडाले, सिवनीखुर्द अध्यक्ष सविता लिल्हारे, cmcldp के छात्रा छात्राएं, निशा ठाकरे, रजत, मनीषा बुडेकर, शिल्पा कड़व, सुकन्या मेश्राम,माही खरे, सैवंत, एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी एवम स्वामी विकानंद जी के छायाचित्र पर दीपप्रज्वलन का पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का बारी-बारी से स्वागत किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद cmcldp के परामर्शदाता जितेंद्र मातरे जी के द्वारा परिषद परिषद से संचालित गतिविधियों का परिचय परिचय दिया गया साथ ही नवांकुर संस्था प्रभारी श्रीमती सविता बोपचे जी द्वारा भी इस कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दिया गया जन्म का जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन सभी निचले स्तर के लोगों तक इस योजना का क्रियान्वयन किस प्रकार किया जाए एवं स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए, साथ सरपंच महोदय श्री भूपेंद्र जी बुडेकर जी के द्वारा भी इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा गया कि जब भी आपको हमारी आवश्यकता पड़ती है तो हम सदा आपका सहयोग करने पर तात्पर्य रहेंगे उसके बाद मेश्राम जी ने भी अपना उद्बोधन दिया। उसी प्रकार भोयर मैडम जी के द्वारा उन विवा पीढ़ी को किस प्रकार अपना कर्तव्य एवं जिम्मेदारी उठाना चाहिए और हमें किस रास्ते पर चलना चाहिए ताकि हमारा और हमारे परिवार एवं देश का विकास हो सके। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा प्रस्फुटन समिति की अध्यक्ष सविता लिल्हारे जी के द्वारा किया गया।

